# MyChart **वीडियो विज़िट**

MyChart यह NYC Health + Hospitals में हमारा पेशंट पोर्टल है जो आपको आपके स्वास्थ्य रिकॉर्ड के लिए 24/7 इलेक्ट्रॉनिक एक्सेस प्रदान करता है। हम MyChart का उपयोग वीडियो विज़िट के लिए भी करते हैं ताकि आप घर पर स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। MyChart वीडियो विज़िट में मदद के लिए, कृपया **1-844-920-1227** डायल करके हमारी **MyChart हेल्प डेस्क लाइन** को कॉल करें और **1 दबाएं।**

## अपने स्मार्टफोन/टैबलेट के साथ वीडियो विज़िट करें: MyChart ऐप का उपयोग करें!


यदि आप अपनी वीडियो विज़िट के लिए अपने स्मार्टफोन/टैबलेट का उपयोग करना चाहते हैं तो अपनी वीडियो विज़िट में शामिल होने के लिए आपको MyChart ऐप डाउनलोड **करना होगा**। अपने स्मार्टफ़ोन का उपयोग करके अपनी वीडियो विज़िट में शामिल होने के लिए, कृपया नीचे दिए गए चरणों का पालन करें:

1. निःशुल्क **MyChart ऐप** डाउनलोड करने के लिए अपने स्मार्टफ़ोन के कैमरे का उपयोग करके नीचे दिए गए QR (क्यूआर) कोड को स्कैन करें:

2. ऐप खोलें और अपने **MyChart** अकाउंट में लॉग इन करें।




3. **Visits** (विज़िट) आइकन पर क्लिक करें। इसके बाद, अपनी वीडियो विज़िट में शामिल होने के लिए अपने **वीडियो विज़िट** और **Begin Visit** (विज़िट शुरू करें) बटन पर क्लिक करें।





*Updated 11.29.21*
*Hindi*


# MyChart वीडियो विज़िट

4. एक विंडो खुलेगी जहाँ आपसे पूछा जायेगा कि क्या प्रोग्राम 'आपके माइक्रोफ़ोन और कैमरे को एक्सेस' कर सकता है। **"Allow** (अनुमति दें)" चुनें। यह आपके फ़ोन के माइक्रोफ़ोन और कैमरे को कनेक्ट करेगा ताकि आपके प्रदाता आपकी वीडियो विज़िट के दौरान आपको देख और सुन सकें।
5. आपको एक लैंडिंग पृष्ठ पर लाया जाएगा, जहाँ आपको अपना नाम टाइप करना होगा। वेटिंग रूम में लाए जाने के लिए **"Join Meeting** (मीटिंग में शामिल हों)" पर क्लिक करें। आप इस पृष्ठ पर **अपना वीडियो/साउंड कनेक्शन जाँच** सकते हैं।
6. आप एक **वेटिंग रूम** में प्रवेश करेंगे; तब तक डॉक्टर पिछले पेशंट की जाँच समाप्त करेंगे। आपके डॉक्टर देखेंगे कि आप वर्चुअल वेटिंग रूम में हैं और वे शीघ्र ही आपके साथ होंगे!
7. **जैसे ही आपका प्रदाता जुड़ जाएगा,** आपको वीडियो विज़िट में लाया जाएगा।


**4.**





**5.**




**6.**





**7.**




*Updated 11.29.21*

NYC HEALTH+ HOSPITALS

# MyChart **वीडियो विज़िट**




**महत्वपूर्ण सुझाव!**

यदि आप MyChart का उपयोग करने में सक्षम नहीं हैं तो आपका प्रदाता अब आपको **वीडियो विज़िट में शामिल होने के लिए एक टेक्स्ट मेसेज** भेज सकता है! बस टेक्स्ट मेसेज में मौजूद **लिंक पर क्लिक करें** और यह वीडियो विज़िट की शुरुआत करेगा।


# आपके कंप्यूटर का उपयोग करके वीडियो विज़िट: समर्थित ब्राउज़र का उपयोग करें!


MyChart वीडियो विज़िट्स के लिए निम्न ब्राउज़र समर्थित हैं:

- Chrome
- Firefox
- Safari

*(ध्यान दें: Internet Explorer वीडियो विज़िट्स के लिये काम नहीं करता है)*

1. अपने **MyChart** अकाउंट में लॉग इन करें, **Visits** (विज़िट्स) मेनू पर जाएं, और अपनी आगामी अपॉइंटमेंट्स की सूची से अपनी वीडियो विज़िट चुने, **Details** (विवरण) पर क्लिक करें, फिर **Begin Video Visit** (विडिओ विज़िट शुरू करें) पर क्लिक करें।





*Updated 11.29.21*

# MyChart **वीडियो विज़िट**

2. एक विंडो खुलेगी जहाँ आपसे पूछा जायेगा कि क्या प्रोग्राम 'आपके माइक्रोफ़ोन और कैमरे को एक्सेस' कर सकता है। **"Allow** (अनुमति दें)" चुनें। यह आपके फ़ोन के माइक्रोफ़ोन और कैमरे को कनेक्ट करेगा ताकि आपके प्रदाता आपकी वीडियो विज़िट के दौरान आपको देख और सुन सकें।
3. अपना नाम टाइप करें और **"Join Meeting** (मीटिंग में शामिल हों)" पर क्लिक करें।
4. जब आप प्रतीक्षा कर रहे हों तो अपने **वीडियो/ऑडियो कनेक्शन** की जांच करें।




1. अपने **माइक्रोफोन** को टेस्ट करने के लिए माइक्रोफोन बटन पर क्लिक करें। इस तरह आप खुद को म्यूट कर सकते हैं।
2. अपने **वीडियो** को टेस्ट करने के लिए, अपने वीडियो को हाईड या शुरू/बंद करने के लिए कैमरा बटन पर क्लिक करें। यह टेस्ट वीडियो काम कर रहा है यह सुनिश्चित करने के लिए है।
3. यहां आप देख सकते हैं कि आपका इंटरनेट कनेक्शन अच्छा है या नहीं।

*Updated 11.29.21*